Hindustan (Hindi)

Date: 18-09-15

Page No. 22

नए छात्रों का स्वागत

मुरादनगर। आईटीएस डेंटल कॉलेज में छात्रावास दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ संस्थान के वाइस चैयरमेन अर्पित चढ्डा ने किया। इस मौके पर बीएसी बायोटेक के नए छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत भी किया गया।

Nav Bharat Times

Date: 18.09.15

Page No. 02 (G.bad)

बॉयोटेक्नॉलजी की बारीकियां बताईं

■ एनबीटी न्यूज, मेरठ रोडः आईटीएस डेंटल कॉलेज में गुरुवार को ओरिएंटेशन प्रोग्राम व हॉस्टल-डे का आयोजन किया गया। समारोह में स्टूडेंट्स द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस दौरान भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. दिनेश कुमार शर्मा ने बॉयो टेक्नॉलजी की बारीकियों से स्टूडेंट्स को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जैव प्रौद्योगिकी की सहायता से वातावरण को प्रदूषित करने वाले तत्वों को निष्क्रिय किया जा सकता है। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि संस्थान के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, डायरेक्टर विनोद सचदेवा, प्रिंसिपल डॉ. देवी चरण शेट्टी व एडमिनिस्ट्रेटर विजय शर्मा ने किया। वहीं, स्टूडेंट्स ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कई प्रकार के स्टॉल भी लगाए जिन पर एक मिनट में मोमबत्तियों को जलाना, सिक्कों को पानी में डालना, तम्बोला, गेंद को निशाने पर मारने आदि गेम खेलने के लिए स्टूडेंट्स की भीड़ लगी रही। समारोह के अंत में स्टूडेंट्स डीजे पर खूब झूमे। लक्की ड्रॉ का आयोजन भी किया गया। डॉ. आरसी शर्मा, डॉ. चैताली चक्रवर्ती, डॉ.पल्लवी मित्तल, चारू कौशिक, डॉ. शिखा शर्मा, डॉ. नेहा व अन्य वहां मौजूद रहीं।